मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 17 डि.से. |
| न्यूनतम | 07 डि.से. |
| सूर्योदय | 8:06 |
| सूर्यास्त | 4.06 |

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना | 63,200 |
| चांदी | 75,000 |

UPHIN/2009/27457

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

● वर्ष : 08 ● अंक : 40 ● लखनऊ, सोमवार 29 अप्रैल 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 04



2 फिसलता अमेठी

3 कांग्रेस व सपा का फिर ....

4 प्रसूता की मौत पर परिजनों का हंगामा


## न्यूज डायरी

### टाइटैनिक के सबसे अमीर यात्री की सोने की घड़ी हुई नीलाम

**लंदन ।** टाइटैनिक से जुड़ी जब भी कोई जानकारी सामने आती है तो हर कोई उसे जानने को उत्सुक हो जाता है। अब इस जहाज के सबसे अमीर यात्री की मिली एक सोने की घड़ी से जुड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, घड़ी को नीलाम किया गया है, जिसकी कीमत जानकार आपको भरोसा नहीं होगा। इंग्लैड में घड़ी को 11.7 लाख पाउंड यानी 14.6 लाख डॉलर में नीलाम की गई। नीलामीकर्ता हेनरी एल्ड्रिज एंड सन ने कहा कि 1912 के जहाज आपदा से जुड़ी किसी वस्तु के लिए यह एक रिकॉर्ड राशि थी। अंदाजा लगाया जा रहा था कि घड़ी करीब एक लाख से 150,000 पाउंड के बीच बिक जाएगी। हालांकि, इन अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के एक शख्स ने बोली जीती है। घड़ी पर जेजेए लिखा हुआ है।

### इंडोनेशिया में आया 6.5 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शनिवार शाम समुद्र के अंदर 6.5 तीव्रता का भूकंप आने के बावजूद बड़ी लहरें नहीं उठीं। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप जकार्ता समय के अनुसार शनिवार को रात साढ़े ग्यारह बजे आया, जिसका केंद्र गारुत रीजेंसी से 151 किमी दक्षिण पश्चिम और 10 किमी की गहराई में स्थित था। बताया गया है कि भूकंप के झटके इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता और निकटवर्ती बैंटन प्रांत के साथ-साथ मध्य जावा, योग्यकार्ता और पूर्वी जावा प्रांतों में भी महसूस किए गए।

### फिलिस्तीन समर्थक दर्जनों प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**लॉस एंजिल्स।** एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के टेम्पे परिसर में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले कुल 69 प्रदर्शनकारियों को शनिवार को विश्वविद्यालय की नीति का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किया गया। यह सभी गिरफ्तारियां फीनिक्स मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में सार्वजनिक अनुसंधान विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर से की गयी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों को ÷विश्वविद्यालय की नीति का उल्लंघन करते हुए, अनधिकृत डेरा डालने के बाद अतिक्रमण करने के आरोप में÷ शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया गया।

### चोटी पर चढ़ाई करते वक्त गिरे पर्वतारोही का शव बरामद

**एंकरेज।** अलास्का के 'डेनाली नेशनल पार्क एंड प्रिजर्व' में एक दुर्गम मार्ग पर चढ़ाई करते वक्त करीब 300 मीटर नीचे गिरे एक पर्वतारोही का शव शनिवार को बरामद कर लिया गया। पार्क के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि न्यूयॉर्क निवासी रॉबी मेकस (52) बृहस्पतिवार को 2,560 मीटर ऊंचे माउंट जॉनसन पर्वत पर चढ़ाई करते वक्त गिर गया था जिसके बाद चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गयी। इस हादसे में उसके साथ चढ़ाई कर रही कैलिफोर्निया की 30 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी और उसे शुक्रवार को विमान से एंकरेज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बयान के अनुसार, पर्वत पर चढ़ाई कर रहे एक अन्य दल ने दोनों को गिरते हुए देखा था और बृहस्पतिवार रात को इसकी सूचना दी थी। वे उस जगह पर उतरे जहां पर्वतारोही गिरे थे और उन्होंने एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की।

## 24 घंटे में आदेश हुआ वापस

▸▸ लेसा में समूह ग और घ के कर्मचारियों को नहीं किया जाएगा अनिवार्य रिटायर



संवाददाता

**लखनऊ।** लेसा में 50 साल के ऊपर समूह ग और घ के कर्मचारियों को अनिवार्य रिटायर करने का फैसला वापस हो गया है। पहले तय किया गया था कि 50 साल की उम्र पार कर चुके कर्मचारियों की क्षमता देखी जाएगी। अगर उनके अंदर काम करने की क्षमता कम रहती है तो उनका मूल्यांकन उनको बाहर कर दिया जाएगा। हालांकि जब इसका विरोध हुआ तो उस फैसले को रद्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि खुद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसमें हस्तक्षेप किया है।

लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। ऐसे में कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहता है। इस आदेश के बाद सभी बिजली कंपनियों में इस उम्र से ज्यादा लोगों की कार्यक्षमता के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी थी। दूसरी तरफ श्रम संगठन और अभियंता संघ ने इसका विरोध भी करना शुरू कर दिया था।

## बस को चीरते हुए निकल गया ट्रक

संवाददाता

**उन्नाव।** यूपी के उन्नाव में रविवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक ने बस को एक साइड से चीर दिया। इससे सात लोगों की मौत हो गई है। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। हादसा सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में जमल्दीपुर के पास हुआ है। पुलिस ने हालांकि अभी छह के मरने की पुष्टि की है। तीन लोगों की पहचान हुई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।



बताया जाता है कि बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी। इसी दरम्यान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस को एक तरफ से चीरते हुए ट्रक आगे निकल गया।

हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। घायल लोग बसों से बाहर तक लटके दिखाई दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायलों को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया।

**07**
**लोगों की मौत कई घायल**

पांच अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रक चालक चकलवंशी मार्ग से होते हुए भाग निकला। पुलिस को सूचना के बाद जिले में नाकाबंदी कर दी गई है।

उधर घायलों का सफीपुर सीएचसी और जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल के भी डॉक्टर को अलर्ट कर दिया गया है। घायल और मृतकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## मायावती ने भीम राजभर की जगह मुस्लिम प्रत्याशी को उतारा

▸▸ मुलायम-अखिलेश की सीट रही आजमगढ़ में मायावती का बड़ा दांव

संवाददाता

**आजमगढ़।** लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण की रस्साकसी के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने बड़ा दांव खेला है। मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव की सीट रही आजमगढ़ से भीम राजभर को सलेमपुर भेजने के बाद मुस्लिम प्रत्याशी पर दांव लगाया है। यहां से शबीहा अंसारी को उतार दिया है। इसकी आधिकारिक घोषणा आज रात या कल तक होगा। शबीहा 2018 तक कांग्रेस में रही हैं। इसके बाद बसपा में आईं और 2018 से 2022 तक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रही हैं। इस बार सपा ने यहां से धर्मेंद्र यादव को उतारा है। उनके खिलाफ भाजपा की तरफ से मौजूदा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ मैदान में हैं।

आजमगढ़ से मोदी लहर में भी 2014 में मुलायम सिंह यादव और 2019 में अखिलेश यादव ने जीत दर्ज की थी। 2022 में अखिलेश के इस्तीफे के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के निरहुआ ने सपा के धर्मेंद्र यादव को हरा दिया था। इस दौरान बसपा को धर्मेंद्र की हार का बड़ा कारण माना गया था। बसपा की तरफ से उतरे मुस्लिम प्रत्याशी गुड्डू जमाली ने ढाई लाख से अधिक वोट हासिल किए थे।

# सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र : सीएम योगी

### कमल पर पड़ा आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगाः सीएम योगी

संवाददाता

**बरेली, बदायूं, एटा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रविवार को तीन जनपदों में धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने बरेली की आंवला सीट से लोकसभा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप, बदायूं सीट से दुर्विजय सिंह शाक्य और एटा के जलेसर में आगरा सीट से बीजेपी प्रत्याशी प्रो एसपी सिंह बघेल के लिए प्रचार अभियान की कमान संभालते हुए जनसभाएं कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर कांग्रेस और सपा के साथ ही पूरा इंडी गठबंधन रहा। उन्होंने कहा कि सपा परिवार में में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे। योगी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके मेनिफेस्टो में देश के खिलाफ हिडेन एजेंडा छिपा हुआ है। कहा कि कांग्रेस सत्ता से दूर रहकर बिन पानी मछली जैसी तड़प रही है। वहीं समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपाई अखाड़ा सजने से पहले ही मार मान चुके हैं।



**परिवार के बाहर सपा की सोच नहीं:** बरेली के आंवला सीट के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने सपा से 10 सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं। देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन हैं, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन है, सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन है, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन है, बेरोजगारी के कारण 2014 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन है, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन है और इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है। सीएम ने कहा कि परिवार के बाहर सपा की सोच नहीं है। सहारा जाति का लेंगे, लेकिन घूम-फिर कर परिवार में ही आएंगे। सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे।

> *जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है।*
>
> **योगी आदित्यनाथ**
> **मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

## ईसी ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने उनके कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। हाल ही में पार्टी ने अपना कैंपेन गीत लॉन्च किया था। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाने को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अब भाजपा के एक और राजनैतिक हथियार चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी। ऐसा पहली बार हुआ होगा, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के चुनावी गाने पर रोक लगाई है। आतिशी ने कहा, तानाशाही सरकारों में विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। आज यही हुआ है, भाजपा के एक और हथियार, चुनाव आयोग ने इस पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। चुनाव आयोग को भाजपा द्वारा रोज आचार संहिता का उल्लंघन नहीं दिखता लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता सांस तक लेते हैं तो नोटिस आ जाते हैं। आतिशी ने कहा कि आप के कैंपेन सॉन्ग में कहीं भी भाजपा का जिक्र नहीं है। हमने तानाशाही से लड़ने की बात कही है। इस पर चुनाव आयोग कहता है कि यह रूलिंग पार्टी की आलोचना है। अब तो चुनाव आयोग भी मान रहा है कि भाजपा तानाशाही कर रही है।

# 400 पार का नारा भूल गई भाजपा

### अखिलेश यादव बोले- अब हवा का रुख भांप गए बीजेपी के नेता

संवाददाता

**संभल।** सपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आम चुनाव के तीसरे चरण में भाजपा को एक भी सीट न मिलने का दावा करते हुए रविवार को कहा कि जनता की भावनाओं को समझा सत्तारूढ़ दल 400 पार का नारा भूल गया है। सपा प्रमुख ने संभल में पार्टी उम्मीदवार जिया-उर-रहमान बर्क के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दिया। जैसे ही दूसरा चरण समाप्त हुआ 400 पार का नारा भूल गए।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लोगों को हवा का रुख पता नहीं था, इसलिए 400 पार कह रहे थे और जब दो चरणों के चुनावों में जनता की भावना समझ गए कि जनता 400 सीटें हराने जा रही है तो भाजपा अपना नारा भूल गई। सपा प्रमुख ने कहा कि पहले चरण में पश्चिम से जो हवा चली उसने भाजपा को पलटने का काम किया, उनकी सरकार को बदलने का काम किया। दूसरे चरण में भी वही दिखा, लोग भाजपा को स्वीकार नहीं कर रहे। तीसरे चरण में अब आपकी जिम्मेदारी है।



अखिलेश ने संभल से अपना रिश्ता जोड़ते हुए कहा कि इस हिस्से से लेकर हमारे घर (इटावा-मैनपुरी) तक चुनाव है। इस क्षेत्र (संभल) से नेताजी (मुलायम सिंह यादव) भी सांसद रह चुके हैं। यहां से लेकर मैनपुरी तक वोट पड़ने जा रहा है। इस चरण में मैं कह सकता हूं कि भाजपा का किसी भी लोकसभा में खाता नहीं खुलने वाला। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव 1998 और 1999 में दो बार संभल लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन सीट की गिनती हो जहां भाजपा सबसे ज्यादा मतों से हारी हो, तो उनमें संभल संसदीय सीट का भी नाम होना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि यह चुनाव श्रद्धांजलि देने का भी चुनाव है।

> *भाजपा के लोगों को हवा का रुख पता नहीं था, इसलिए 400 पार कह रहे थे और जब दो चरणों के चुनावों में जनता की भावना समझ गए कि जनता 400 सीटें हराने जा रही है।*
>
> **अखिलेश यादव**

## अरे ! आपका दिमाग फटा है कि सिलेंडर फटा

▸▸ बेंगलुरु ब्लास्ट को लेकर कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के सिर्सि में रविवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की सत्ताधारी कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में उनके सत्ता संभालने के बाद एक कैफे में बम विस्फोट हुआ। इसे लेकर उन्होंने क्या बयान दिया... कहा कि गैस का सिलेंडर फटा है, अरे ! आपका दिमाग फटा है कि गैस का सिलेंडर फटा है। उन्होंने कहा, %वायनाड में जिन लोगों के नाम हैं और जिनके संबंध प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से हैं, उनसे इन संगठनों की मदद ली जा रही है। यही तो कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि ये लोग आतंकवादियों की हत्या पर आंसू बहा रहे थे। आप सबको याद होगा जब दिल्ली में ऐसी घटना हुई थी तो कांग्रेस के एक नेता आंसू बहाते थे कि आतंकवादी को क्यों मारा गया।



पीएम मोदी ने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। परमात्मा ने मोदी को आपकी सेवा के लिए ही पैदा किया है और आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। उन्होंने कहा, %ये मेरी गारंटी है आपको, मेरा पल-पल आपके नाम, मेरा पल-पल आपके बच्चों के भविष्य के नाम, मेरा पल-पल आपके सपनों को साकार करने के नाम, मेरा पल-पल देश के नाम... इसलिए मैं आपको गारंटी देता हूं, 24/7 और 2047 तक देश सेवा।

**पीएम मोदी बोले- राम के लिए 500 साल तक लड़ी लड़ाई :** राम मंदिर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरे और आपके पूर्वजों ने अयोध्या में प्रभु राम के लिए 500 साल तक लड़ाई लड़ी। ये छोटा काल नहीं है। लाखों लोग मौत के घाट उतार दिए गए। देश आजाद होने के दूसरे ही दिन प्रभु श्री राम का मंदिर बनाने का निर्णय होना चाहिए था। लेकिन, उन्होंने नहीं किया। ऐसा काम करने के लिए 56 इंच का सीना लगता है। तब जाकर 500 साल का सपना, 500 साल का इंतजार समाप्त होता है। मगर, ये तब होता है जब आपके वोट की ताकत मिलती है।

## शिमला में भूस्खलन में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि बचाव अभियान जारी है और घटनास्थल से अधिक जानकारी मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है। बिलासपुर में बस दुर्घटना घ्याल गांव के पास चालक के वाहन से नियंत्रण खोने के बाद हुई। पुलिस ने बताया कि बस में करीब 25 यात्री सवार थे शिमला शिमला के रोहड़ू इलाके में रविवार को एक 'एसयूवी' वाहन के भूस्खलन की चपेट में आ जाने पर दो यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि रविवार को बिलासपुर जिले में एक अन्य घटना में, हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के पुल से फिसल जाने पर लगभग 10 लोग घायल हो गए।

## कांग्रेस झूठ की फैक्ट्री और पिछड़ा विरोधी

▸▸ कासगंज में बरसे गृहमंत्री शाह, अखिलेश पर भी बोला हमला

संवाददाता

**कासगंज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कासगंज में चुनावी सभा के दौरान सपा, कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस को झूठ की फैक्ट्री बताया, अखिलेश पर जाति में भी परिवार दिखने की बात कही। उन्होंने मंदिर निर्माण के मुद्दे को भी उभारा। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को पिछड़ों का हितैशी बताया है। रविवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने पिछड़ों के कल्याण व राममंदिर के उद्धार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राममंदिर निर्माण के लक्ष्य को पूरा करके दिखाया। उन्होंने कहा कि दो खेमे हैं एक रामभक्तों पर गोली चलाने वाला और दूसरा राममंदिर का निर्माण करने वाला।



कांग्रेस, राहुल बाबा और अखिलेश की पार्टियों ने राममंदिर लटकाए रखा और नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को राममंदिर में प्राणा प्रतिष्ठा कर दी है। सोनिया, राहुल, खड़गे, अखिलेश व डिंपल को राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का न्यौता गया लेकिन इनमें से कोई अयोध्या नहीं गया। जो अयोध्या नहीं गए उन्हें मालूम है कि उन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवाई थी। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने पिछड़े वर्ग के कल्याण का बीड़ा उठाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ों व गरीब को आगे बढ़ाने का काम किया। सपा जिसकी गोद में बैठी है, उस कांग्रेस ने काका कालेकर व मंडल आयोग की रिपोर्ट को दबाकर रखा। मोदी ने पिछड़े वर्ग को सम्मान दिया है।

## सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व पीएम देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना

▸▸ कई अश्लील वीडियोज वायरल, भाग गए विदेश

एजेंसी

**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव के बीच कर्नाटक की राजनीति में भूचाल आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। 26 अप्रैल को हुए कर्नाटक के पहले फेज के मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए।



## 600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद

**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षकों ने गुजरात तट पर पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपये मूल्य का 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने रविवार को यह जानकारी दी। गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने संयुक्त रूप से रात के समय अरब सागर में अभियान चलाया था। बल ने एक विज्ञप्ति में कहा, भारतीय तटरक्षकों ने 28 अप्रैल को खुफिया जानकारी के आधार पर सागर में अभियान चलाया। पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़े जाने के बाद नौका में सवार 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ की दो टूक

▸▸ भारत कभी नहीं झुकेगा, एलएसी विवाद पर बोले- चीन के साथ बातचीत जारी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह कहना है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का।



अहमदाबाद में उन्होंने एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा।

## हिरासत में लिये गए एक्टर साहिल खान

▸▸ महादेव सट्टेबाजी ऐप केस में मुंबई पुलिस का बड़ा ऐक्शन

एजेंसी

**मुंबई।** महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ा ऐक्शन लिया है। 15 हजार करोड़ के इस घोटाले में कथित संलिप्तता के आरोप में अभिनेता साहिल खान हिरासत में लिए गए हैं। साहिल खान ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन, उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई थी। मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में अभिनेता साहिल खान को छत्तीसगढ़ से हिरासत में लिया है।



## सम्पादकीय

# फिसलता अमेठी

क्या कांग्रेस को रायबरेली में सोनिया गांधी के बदले कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं मिल रहा है, क्या अमेठी से राहुल गांधी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, अगर नहीं तो क्या उनका विकल्प भी कांग्रेस क्यों नहीं ढूंढ नहीं पाई है? सवाल इसलिए हैं कि रायबरेली और अमेठी सीट को लेकर कांग्रेस पार्टी के भीतर सन्नाटा छाया हुआ है। वो इसलिए भी कि कांग्रेस लोकसभा चुनावों के लिए 9 बार में 195 सीटों के लिए नामों की घोषणा कर चुकी है, लेकिन गांधी परिवार के ही सबसे मजबूत गढ़ में उम्मीदवार नहीं उतारे गए हैं।

कांग्रेस की हाल ही में एक और लिस्ट आई। नई लिस्ट में 4 राज्यों में 14 उम्मीदवार उतारे गए। इस लिस्ट में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की 4 सीटों पर भी प्रत्याशियों को खड़ा किया। उत्तर प्रदेश के लिए कांग्रेस ने जिन 4 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, उनमें गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर से शिवराम वाल्मिकी, सीतापुर से नकुल दुबे और महराजगंज से वीरेंद्र चौधरी शामिल हैं। अहम ये कि रायबरेली और अमेठी का नाम 9 वीं लिस्ट में भी नहीं आया।

अमेठी-रायबरेली दोनों ऐसी सीटें हैं जहां से गांधी परिवार ज्यादातर चुनाव लड़ता रहा है। पिछले चुनाव में हार के बावजूद राहुल गांधी को अमेठी के कार्यकर्ता फिर से अपने क्षेत्र में लड़ते हुए देखना चाहते हैं। इस बार चर्चाएं ये भी चलीं कि सोनिया गांधी की जगह रायबरेली से प्रियंका गांधी एंट्री ले सकती हैं। राहुल और प्रियंका को लेकर कांग्रेस के नेता अविनाश पांडे कहते हैं कि रायबरेली-अमेठी की जनता चाहती है कि गांधी परिवार से ही कोई चुनाव लड़े। यहां की जनता की तरफ से एक चिट्ठी लिखी गई है कि वो वहां से चुनाव लड़ें। उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भी कहा था- अमेठी और रायबरेली गांधी परिवार की पुरानी सीट है, उसका प्रस्ताव हमने दिया है। हालांकि पिछले दिनों सूत्रों ने बताया है कि राहुल गांधी ने अमेठी वापस आने से इनकार कर दिया है। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने रायबरेली में चुनाव लड़ने से इनकार किया है। इस बीच बुधवार, 27 मार्च 2024 को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा ही नहीं हुई। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशियों पर विचार नहीं कर पा रही है। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि कांग्रेस अपने ही गढ़ में अखाड़े में आने से बच रही है। शायद इसीलिए कांग्रेस अभी तक उम्मीदवार नहीं ढूंढ पाई है।

अमेठी में पिछले चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी से राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा था जबकि रायबरेली से सोनिया गांधी पहले ही हट चुकी है। लंबे समय तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वालीं सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया और उन्होंने राज्यसभा के जरिए संसद में पहुंचने का सेफ रास्ता चुना। राहुल को केरल के वायनाड से पहले ही उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है लेकिन उनके विकल्प के तौर पर कांग्रेस का कोई नेता आगे नहीं आया है। अभी तक रायबरेली और अमेठी से प्रत्याशी नहीं उतारे जाने पर भारतीय जनता पार्टी भी तंज कस रही है। शिवराज सिंह चौहान कहना है कि सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और बैकडोर से उनकी राज्यसभा में एंट्री हुई। अब जिसके सर्वोच्च नेता का ही आत्मविश्वास हिल गया हो, उस पार्टी का क्या होगा, ये कल्पना की जा सकती है। 2019 में राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था और अमेठी से खुद राहुल गांधी चुनाव हार गए थे।

शिवराज सिंह आगे कहते हैं कि अभी अगर इतिहास देखें तो एक के बाद एक लगभग 50 चुनाव कांग्रेस ने हारे हैं। कई उनके मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्रियों ने कांग्रेस छोड़ दी और कई जगह उनको चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे। भाजपा नेता शिवराज सिंह ने कहा आगे कहा कि कांग्रेस ऐसा दल बन गई है, जिसके पास ना तो अब सेना बची है और ना सेनापति। चुनाव लड़ने वालों का टोटा पड़ा हुआ है। जब मैडम चुनाव नहीं लड़ रहीं तो बाकी बड़े नेताओं ने हाथ उठा दिए।

बताया जाता है कि पिछले हफ्ते बैठक में उत्तरप्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने पैनल के सामने राज्य इकाई का प्रस्ताव रखा था कि गांधी परिवार के सदस्यों को दो सीटों से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस ने पहले ही वायनाड से राहुल गांधी के नाम की घोषणा कर दी है लेकिन मांग है कि वह अमेठी से भी चुनाव लड़ें जबकि प्रियंका गांधी वाड्रा को रायबरेली से लड़ना चाहिए जो सोनिया गांधी द्वारा खाली की जा चुकी है। अमेठी और रायबरेली शायद सबसे ज्यादा देखे जाने वाले निर्वाचन क्षेत्रों में से हैं क्योंकि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार कार्यकाल चाहते हैं। एक समय गांधी परिवार का गढ़ रहे अमेठी और रायबरेली कांग्रेस परिवार से स्वतंत्र होने की दिशा में आगे बढ़ते दिख रहे हैं।

# सावधान चुनाव आचार संहिता लागू आहे

> **यही नही इस दौरान आम आदमी द्वारा भी किसी तरह की धर्म विशेष को भड़काने और किसी के सम्मान को ठेस पहुचाने वाली घटना सामने आती है तो इसके लिए स्थानीय पुलिस अलग अलग धारा के तह्त कानूनी कार्रवाई करेगी। आचार संहित लागू होते ही राजनीतिक पार्टिया और प्रत्याशी रात 10.00 बजे से प्रातरू 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकते। किसी के घर पर उसकी अनुमति के बिना पोस्टर, बैनर या झंडा नहीं लगा सकता। राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं।**



प्रेम शर्मा



निश्चित तौर पर विधानसभा का चुनाव उस राज्य की जनता का भविष्य तय करता है। जबकि लोकसभा का चुनाव पूरे देश के भविष्य की धुरी है। केन्द्र सरकार की नियत और योजनाओं का बड़ा असर ग्राम पंचायत, नगर पंचायत,जिला पंचायत एवं स्थानीय निकायों तक देखा जाता है। अब जबकि 47 दिनों की चुनाव प्रक्रिया का बिगुल आयोग ने बंजा दिया है। तो इतना तय है कि केवल राजनैतिक दल, सत्तासीन नेता, विपक्षी नेता, मंत्री से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का एक दायरा दय कर दिया गया है। क्योकि यह दौर अत्यानुधिक तकनीक और सोशल मीडिया का है। जगह जगह कैमरे, गांव गांव मोबाईल कैमरे होने के कारण आपकी एक छोटी सी गल्ती आपका जीवन तबाह कर सकती है। निश्चित तौर पर एक दूसरे को पटकनी देने के लिए मैदान में आने वाले दल भी इसी टोह में रहते है कि कब उसे विपक्षी की कोई आचार संहिता उल्लघन की वीडियों, फेटोज आदि मिल जाए और उस पर हमला कर सके। यही कारण है कि सरकारी मशीनरी के साथ और कई नजरे आपके आसपास तैनात रहती है। ऐसी स्थिति में अगर आपसे एक चूक हुई तो इससे आपका भविष्य चौपट होना तय है। यही नही सोशल मीडिया के इस दौर में सत्तासीन दिग्गज नेता भी कई बार इसकी चपेट में आ चूके और उनका कैरियर खत्म हो गया। ऐसे हजारों उदाहरण है लेकिन लबोलुआब यह कि चुनाव आचार संहिता के दौरान यह समक्ष ले कि कोई न कोई आपका पीछा कर रहा है। राजनीतिक दल या नेता ही नहीं, अगर आम आदमी भी आचार संहिता का उल्ल्लंघन करता है तो उसे भी जेल की हवा खानी पड़ सकती है। यह जान ले कि चुनाव के दौरान सभी सरकारी कामकाज बंद नहीं होते हैं. लिहाजा, अगर कोई सरकारी अधिकारी आपके काम को करने से इनकार कर देता है। यह नियम है कि आपकी जिंदगी से जुड़े जरूरी काम आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सूरत में बंद नहीं होंगे।

लेकिन आयोग ने इसके अलावा कुछ काम काजों पर अवश्य रोक लगाई है। जैसे लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने पर प्रत्याशी ऐसा बयान नहीं दे सकते जिससे किसी व्यक्ति की शालीनता और नैतिकता का हनन होता हो। कोई भी प्रत्याशी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा कि जो आपसी घृणा पैदा करे और वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं करेगा। सार्वजनिक या निजी स्थान पर सभा आयोजित करने, जुलूस निकालने और लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों से लिखित अनुमति लेना जरूरी है। यही नही इस दौरान आम आदमी द्वारा भी किसी तरह की धर्म विशेष को भड़काने और किसी के सम्मान को ठेस पहुचाने वाली घटना सामने आती है तो इसके लिए स्थानीय पुलिस अलग अलग धारा के तह्त कानूनी कार्रवाई करेगी। आचार संहित लागू होते ही राजनीतिक पार्टिया और प्रत्याशी रात 10.00 बजे से प्रातरू 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं कर सकते। किसी के घर पर उसकी अनुमति के बिना पोस्टर, बैनर या झंडा नहीं लगा सकता। राजनीतिक दल मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए अपनी गाड़ी की सुविधा भी नहीं दे सकते। मतदाता को अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए डरा या धमका नहीं सकते हैं। धार्मिक स्थलों का चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते।

यही नही किसी सरकारी अधिकारी, कर्मी की ट्रांसफर नियुक्ति नहीं होगी। यदि तबादला करना बेहद जरूरी है तो चुनाव आयोग से स्वीकृति लेनी होगी। चुनाव कार्यो से जुड़े अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होगी। सरकारी भवनों में पीएम, सीएम, मंत्री, राजनीतिक व्यक्तियों के फेटो निषेध होंगे। सरकार की उपलब्धियों वाले प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और अन्य मीडिया में विज्ञापन नहीं दे सकेंगे। अब बॉत करें मंत्री-विधायक के बारे में तो चुनाव आयोग ने मुख्यमंत्री अपने जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग नहीं कर सकते। सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अतिथि गृहों में ठहरने की व्यवस्था नहीं होगी। किसी भी रूप में किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा नहीं करेंगे और न ही वादा करेंगे। किसी परियोजनाओं या योजनाओं की आधारशिला नहीं रखेंगे। सड़क बनवाने, पीने के पानी को लेकर काम शुरू करवाने का वादा भी नहीं कर सकते। मंत्री अपने आधिकारिक दौरे के समय चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रचार के लिए सरकारी गाड़ियों, विमानों या किसी दूसरे सुविधाओं का भी इस्तेमाल नहीं कर सकते। सरकारी खर्च पर चुनावी रैली या चुनाव प्रचार नहीं कर सकते।सरकारी वाहनों का इस्तेमाल सिर्फ अपने निवास से लेकर दफ्तर तक कर सकते हैं। सरकारी खर्चे पर कोई पार्टी या इफ्तार पार्टी का आयोजन नहीं कर सकते। सत्ताधारी पार्टी सरकारी पैसे से सरकार के काम का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकती। विधायक या मंत्री अपने विकास फंड से कोई नई राशि नहीं जारी कर सकते। कोई भी नया सरकारी काम शुरू नहीं होगा। किसी नए काम के लिए टेंडर भी जारी नहीं होंगे। ध्यान रहे अगर कोई आम आदमी भी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उस पर भी आदर्श आचार संहिता के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीधे शब्दों में कहें तो अगर आप अपने किसी नेता के प्रचार अभियान से जुड़े हैं तो आपको इन नियमों को लेकर जागरूक रहना होगा। अगर कोई राजनेता आपको इन नियमों के खिलाफ काम करने को कहता है तो आप उसे आचार संहिता के बारे में बताकर ऐसा करने से इनकार कर सकते हैं। अगर आपने आचार संहिता का उल्ल्लंघन करने वाला कोई भी काम किया तो आपके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर मामलों में आपको हिरासत में लिया जा सकता है।

## सरोकार

# क्या इलेक्टोरल बॉन्ड में घोटाला हुआ है

**राजेश कुमार पासी**

जब से इलेक्टोरल बॉन्ड के बारे में खुलासा हुआ है, तब से भारत की राजनीति में एक भूचाल आया हुआ है और विपक्ष इसे घोटाला साबित करने में लगा हुआ है । विपक्ष समर्थक, मोदी विरोधी मीडिया और बुद्धिजीवियों को लगता है कि इस मामले पर शोर मचा कर जनता में मोदी और भाजपा को भ्रष्ट साबित किया जा सकता है । इस पर आगे बात करने से पहले यह जानना जरूरी है कि इलेक्टोरल बॉन्ड की जरूरत क्यों पड़ी ? इसका जवाब यह है कि राजनीतिक दलों को अपने निजी खर्च और चुनाव लड़ने के लिए पैसे की जरूरत होती है । ये भी सच है कि राजनीतिक दलों की कोई आय नहीं होती है । एक राजनीतिक पार्टी चलाने और चुनाव लड़ने के लिए करोड़ों रुपए की जरूरत होती है । आजादी के बाद से लेकर 1969 तक कॉर्पोरेट चन्दे से राजनीतिक दलों की आय होती थी । वास्तव में उस समय तक कांग्रेस का राजनीति में एकाधिकार था और लगभग पूरा कॉर्पोरेट चंदा कांग्रेस के खाते में जाता था । कितनी अजीब बात है कि आज भाजपा को चंदे का आधा भाग मिला है तो पूरा विपक्ष उसे घोटाला बता रहा है और जब पूरा चंदा ही कांग्रेस को मिलता था तो उसमें कुछ गलत नहीं था।

1969 में कांग्रेस के बंटवारे के बाद इंदिरा जी को लगा कि इस चंदे का कुछ हिस्सा दूसरे धड़े को भी मिल सकता है तो उन्होंने कॉर्पोरेट चंदे पर पूरी तरह से बैन लगा दिया । अब राजनीतिक दलों को तो पैसा चाहिए था लेकिन चंदा लेने पर पाबंदी लगा दी गई थी । तब राजनीति में कालेधन का इस्तेमाल होना शुरू हो गया क्योंकि दलों को तो पैसा चाहिए ही था । 1991 से पहले भारत में लाइसेंस परमिट राज चल रहा था और इसमें जमकर भ्रष्टाचार होता था । जिस नेता के हाथ में कंपनियों को लाइसेंस परमिट देने की शक्ति होती थी, वो पैसे लेकर इसे जारी करता था । कुछ पैसा पार्टी के खाते में जाता था और कुछ नेता की जेब में जाता था । इसे तब ब्रीफकेस कल्चर का नाम दिया गया था क्योंकि तब कहा जाता था कि ब्रीफकेस लाओ और लाइसेंस परमिट ले जाओ । इसलिए कहा जा सकता है कि राजनीतिक दलों द्वारा चंदा लेने की व्यवस्था पहले भी सही नहीं थी और आज भी सही नहीं है ।

1984 के बाद राजीव गांधी ने कार्पोरेट चंदे पर लगे बैन को हटा दिया क्योंकि उनका कहना था कि राजनीतिक दलों को चंदा तो मिल रहा है लेकिन कैसे मिल रहा है, किसी को पता नहीं है । चंदे में पारदर्शिता लाने के लिए कॉर्पोरेट चंदे की दोबारा शुरुआत की गई लेकिन काले धन की व्यवस्था इतनी मजबूत हो चुकी थी कि इसका कोई असर नहीं हुआ । काले धन की व्यवस्था ने ही राजनीति में माफियाओं को मजबूत किया और उनका राजनीति में असर दिखने लगा । 1991 के बाद लाइसेंस परमिट राज का खात्मा हो गया लेकिन कंपनियां सरकारी नीतियों को अपने पक्ष में बनाने के लिए आज भी राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं । इसलिये ब्रीफकेस कल्चर अभी भी चल रहा है । इसे बंद करने के लिए 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली इलेक्टोरल बॉन्ड लेकर आये । उनका कहना था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और काले धन की कमी आयेगी । इसमें कोई भी व्यक्ति, संस्था और कॉरपोरेट बॉन्ड खरीद के राजनीतिक दलों को दे सकता है और राजनीतिक दल इसे भुना कर बैंक से पैसे ले सकते हैं । इसमें दानदाता को शत प्रतिशत टैक्स से छूट मिलती है । चंदा देने वाली कंपनी और लेने वाले दल का किसी को पता न चले, इसलिए इसमें गोपनीयता का कानून लाया गया था । इसके पीछे वजह यह थी कि इससे विरोधी दल कंपनी के हितों को नुकसान पहुंचा सकता था । इसी गोपनीयता के कारण सुप्रीम कोर्ट ने इस व्यवस्था को रद्द कर दिया है । सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि सूचना का अधिकार गोपनीयता के अधिकार से बड़ा है । अब ये अलग बात है कि इसी सुप्रीम कोर्ट के जज अपनी सम्पत्ति का विवरण घोषित नहीं करते हैं ।




# आखिर वकीलों ने वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखी?



ललित गर्ग

न्यायिक बिरादरी में गलत को सही ठहराने के लिये एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने की कोशिशें अक्सर होती रही है भले ही इससे देश कमजोर हो, राष्ट्रीय मूल्यों पर आघात लगता हो। लोकतंत्र के चार स्तंभों में महत्वपूर्ण इस न्यायिक बिरादरी ने राजनीतिक अपराधियों, घोटालों और भ्रष्टाचार के दोषियों को बचाने के लिये शीर्ष वकीलों का एक समूह सक्रिय है. यह हमारी न्याय व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है जो चिन्ता का बड़ा कारण है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित पूरे भारत से 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर इन लगातार बढ़ रही राजनीतिक अपराधियों को बचाने की स्थितियों पर चिंता जताई है, निश्चित ही इन वकीलों का यह प्रयास सराहनीय एवं राष्ट्रीयता से प्रेरित है। न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने, अदालती फैसलों को प्रभावित करने और निराधार आरोपों और राजनीतिक एजेंडे के साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा धूमिल करने के प्रयास करने वाले 'निहित स्वार्थी समूह' की निंदा व्यापक स्तर पर होनी ही चाहिए। एक प्रश्न यह भी है कि आखिर वकीलों को वकीलों के खिलाफ चिट्ठी क्यों लिखनी पड़ी? न्यायपालिका को प्रभावित करने की इन घातक एवं अराष्ट्रीय कोशिशों के खिलाफ 600 वकीलों की चिन्ता गैरवाजिब नहीं है। वकीलों की यह जागरूकता न्याय-प्रक्रिया की प्रतिष्ठा एवं निष्पक्षता के लिये जरूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वकीलों के इस सार्थक एवं प्रासंगिक प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि दूसरों को डराना और धमकाना पुरानी कांग्रेस संस्कृति है। प्रधानमंत्री ने कहा, पांच दशक पहले ही उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था. वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।' हमारे राष्ट्र की न्यायिक बिरादरी का यही पवित्र दायित्व है तथा सभी वकील भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं लेकिन अभी कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि हमारे वकीलां का एक खास वर्ग भारतीय न्याय-प्रक्रिया की पवित्रता और गरिमा को अनदेखी किये जा रहा है। चिंता का बड़ा कारण यह है कि यह समूह अपने पक्ष में ऐसे दबाव बना रहा है जिससे न्यायपालिका की अखंडता के लिए खतरा पैदा हो रहा है लेकिन पिछले दो दशक से न्यायमूर्तियों में ज्यादा जिम्मेदारी, सजगता व संवेदना देखने को मिली है और उन्होंने देशहित में किसी भी आर्थिक या राजनीतिक दबाव में झुकना स्वीकार नहीं किया है। आजादी के बाद से हमारे देश में एक खास किस्म का वकीली समूह विकसित हुआ है जिन्हें सत्ताधारी पार्टियों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है. वे अपराधों पर परदा डालने एवं खूंखार र अपराधियों एवं संगीन आरोपों से घिरे राजनीतिक अपराधियों को बचाने में सिद्धहस्त होकर मोटी कमाई के साथ राजनीतिक पदों पर आसीन होते रहे हैं। बड़े लोगों एवं राजनेताओं के मामलों में अक्सर ऐसे बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम लोग न्याय पाने में आम लोगों से ज्यादा संभावना वाले होते रहे हैं। आम जनता के लिये महंगी होती कानून व्यवस्था एवं निष्पक्ष न्याय की नाउम्मीदी भी ऐसे ही स्वार्थी वकीलों से उपजी है। इसी बड़ी विसंगति एवं विडम्बना ने राजनीति में अपराध को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे वकीलों का पेशा विवादास्पद भी बना है एवं न्याय-प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं।

प्रश्न है कि आखिर वकीलों को ऐसी चिट्ठी लिखने की जरूरत क्यों पड़ी। क्योंकि इन दिनों कुछ राजनेता कठघरे में खड़े हैं और उन्हें बचाने के लिए वकीलों का एक खास समूह सक्रिय है जो सत्य को ढंकने की कुचेष्टा करते हुए राजनीतिक हित में तथाकथित अपराधियों को बचाने के लिये विभिन्न तरीकों से काम करता है। ऐसे स्वार्थी वकील एक खास अंदाज में कथित बेहतर अतीत और अदालतों के सुनहरे दौर की झूठी कहानियां गढ़ते हैं, इसे वर्तमान में होने वाली घटनाओं से तुलना करते हैं। ये और कुछ नहीं बल्कि जान बूझ कर दिए गए बयान हैं जो अदालत के फैसलों को प्रभावित करने और कुछ राजनीतिक लाभ के लिए अदालतों को शर्मिंदा करने के लिए दिए गए हैं। यह देखना परेशान करने वाला है कि कुछ वकील दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। ऐसे स्वार्थी वकीलों का यह कहना कि अतीत में अदालतों को प्रभावित करना आसान था, उन पर जनता के विश्वास को हिला देता है। =इसीलिये वकीलों के दूसरे पक्ष को पत्र लिखने की जरूरत पड़ी, ऐसे पत्र लिखने का कोई राजनैतिक उद्देश्य नहीं बल्कि नैतिक एवं राष्ट्रीय आग्रह है। इस पत्र में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि वे इस तरह के हमलों से हमारी अदालतों को बचाने के लिए सख्त और ठोस कदम उठाएं। वकीलों ने चिंता जाहिर की कि 'विशेष ग्रुप' अदालतों की कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। खासकर उन मुद्दों पर बाधा डालने की कोशिश की जा रही है, जो मामले राजनेताओं और राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। इस तरह की रणनीति हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रही हैं और हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को खतरे में डालती हैं। वकीलों का आरोप है कि उनकी हरकतों से राष्ट्रीयता, विकास, विश्वास और सौहार्द का माहौल खराब हो रहा है, जो न्यायपालिका की कार्यप्रणाली की मूलभूत विशेषता है। चिट्ठी में वकीलों ने न्यायपालिका के समर्थन में एकजुट, समानतापूर्ण, निष्पक्ष रुख अपनाने का आह्वान किया है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि न्यायपालिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ बना रहे। निश्चित रूप से न्यायमूर्तियों को नामी वकीलों या रसूखदार आरोपियों के सामने समान रूप से बिना किसी राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह या दुराग्रह के व्यवहार करना चाहिए और हमारे न्यायमूर्ति ऐसा ही करते हैं। फिर भी कहीं शिकायत की गुंजाइश रह जाती है और कुछ वकीलों को मिलकर ऐसे पत्र लिखने की जरूरत पड़ती है तो यह देश की जागरूकता एवं देश के प्रति निष्ठा को ही दर्शाता है। ऐसे पत्रों की आलोचना नहीं की जा सकती, ऐसे पत्र तो राजनीति की दूषित हवाओं को नियंत्रित करने के औजार है। ऐसे पत्र विशेष रूप से न्यायमूर्तियों से ज्यादा सजगता व संवेदना की मांग करते हैं। समाज के राष्ट्र के किसी भी हिस्से में कहीं भी मूल्यों एवं मानकों के विरुद्ध होता है तो यह सोचकर निरपेक्ष नहीं रहना चाहिए कि हमें क्या?

## नजरिया

# सत्ता की चाबी युवाओं के हाथ



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकसभा चुनाव में अब लगभग साफ हो गया है कि सत्ता की चाबी युवा मतदाताओं के हाथ में ही रहने वाली है। यह बात राजनीतिक दलों को भी समझ में आ गई है। यही कारण है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को रिझाने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। दरअसल युवा मतदाताओं की मुखरता ही चुनाव परिणामों में परिलक्षित होती है। साफ है कि लोकसभा के पिछले दो चुनावों में युवा मतदाताओं का रुझान नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति रहा है।

हालांकि मजे की बात यह है कि जिन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रही हैं उन प्रदेशों के युवाओं ने क्षेत्रीय पार्टी को अधिक तरजीह दी है। इससे यह तो नहीं कहा जा सकता कि युवा केवल भाजपा के साथ ही है अपितु युवाओं का रुझान नेशनल और स्टेट पॉलिटिक्स को लेकर अलग-अलग देखा जाता रहा है। हालांकि यह भी इंट्रेस्टिंग है कि कोई भी दल पिछले चुनावों में समग्र रूप से 50 फीसदी मत का आंकड़ा नही छू पाये हैं। दूसरी ओर आजादी के 75 साल बाद भी लाख जतन के बावजूद 33 प्रतिशत मतदाताओं को हम मतदान केन्द्र तक ले जाने में सफल नहीं हो पाए हैं।

तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि साक्षरता से भी इसका कोई सीधा संबंध इस मायने में नहीं है कि बिहार की साक्षरता दर बढ़ने के बावजूद मतदान प्रतिशत में दो फीसदी की गिरावट देखी गई है। यह तो एक मिसाल मात्र है। पर दो बातें साफ हो जाती हैं कि युवा और महिला मतदाताओं ने मतदान के प्रति पहल की है और इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाओं और युवाओं के अधिक वोट भाजपा को मिले हैं।




जहां तक दुनिया के देशों के लोकतंत्र की बात है इंडोनेशिया में जितने कुल मतदाता हैं उससे ज्यादा मतदाता तो हमारे यहां 18 से 29 वर्ष की आयु के हैं। फिर 26 से 35 वय के मतदाता भी युवाओं की श्रेणी में ही आते हैं। दुनिया के चार सबसे बड़े मतदाता वाले देशों के कुल मतदाताओं से भी अधिक मतदाता हमारे देश में है। इस साल 18 वीं लोकसभा के लिए 98.6 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे जबकि यूरोपीय यूनियन में 40 करोड़, इंडोनेशिया में 20.4 करोड़, अमेरिका में 16 करोड़ और पाकिस्तान में 12.8 करोड़ मतदाता हैं। खैर यह तो अलग बात हुई पर लोकसभा के पिछले दो चुनावों के परिणामों से साफ हो गया है कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि युवाओं और महिलाओं का यह भरोसा ही नई सरकार खासतौर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूती प्रदान करने में अधिक रहा।

चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 18 वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ 82 लाख नए मतदाता हैं तो 47.15 महिला मतदाता व 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 17 वीं लोकसभा के चुनावों में जहां करीब 1.5 करोड़ नए मतदाता या पहली बार मतदान करने वाले मतदाता थे वहीं 18 वीं लोकसभा के चुनावों में 1.82 करोड़ नए मतदाता पहलीबार मताधिकार का उपयोग करेंगे। दूसरी और गत लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं को दो हिस्सों 18 से 25 वर्ष व 26 से 35 वर्ष के दो वर्गों में युवाओं को बांटते हुए मतदान प्रतिशत का विश्लेषण किया गया और मजे की बात यह कि युवाओं के दोनों ही वर्ग के युवाओं ने भाजपा को कांग्रेस की तुलना में बड़े अंतर से पसंद किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवाओं ने भरतीय जनता पार्टी को वोट दिए वहीं 26 से 35 आयु वर्ग के 46 फीसदी युवा मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया। मजे की बात यह है कि दोनों ही आयुवर्ग के मतदाताओं में 26-26 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया तो 28 से 30 प्रतिशत तक युवाओं का भरोसा अन्य दलों पर रहा। पर कांग्रेस और भाजपा के बीच युवाओं के भरोसे का अंतर कोई छोटा मोटा नहीं बड़ा अंतर रहा है और यही कारण रहा कि भाजपा या यों कहें कि नरेन्द्र मोदी अधिक मजबूत होकर उभरे। 2019 के मत रुझानों से यहां यह बात भी साफ हो जानी चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर पांच इंजीनियरों पर कार्रवाई

**लखनऊ।** ट्रांसगोमती क्षेत्र में खराब बिजली सप्लाई और लगातार कटौती पर पावर कार्पोरेशन अध्यक्ष आशीष गोयल ने मुख्य अभियंता समेत पांच इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। ट्रांसगोमती क्षेत्र में बिजली कटौती, फाल्ट ठीक करने में लापरवाही तथा कम बिल वसूली पर यह कार्रवाई की गई। चेयरमैन ने अफसरों को निर्देश दिए कि लखनऊ में बेहतर आपूर्ति के साथ ब्रेकडाउन नहीं होना चाहिए। कहीं आपूर्ति बाधित हो तो उसे जल्द सामान्य करें।

### बिजली शोरूम से चोरों ने 10 लाख का माल उड़ाया

**लखनऊ।** अयोध्या रोड शिवानी पैलेस स्थित ओमकार एजेंसीज इलेक्ट्रिकल शोरूम का शटर तोड़कर चोरों ने 10 लाख रुपये के तार व ढाई हजार रुपये नगदी पार कर दिए। चोरों की पहचान न हो सके इसलिए सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर भी उठा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। शिवानी पैलेस में नीरज अग्रवाल का ओंकार एजेंसीज नाम से इलेक्ट्रिकल शोरूम है। नीरज के मुताबिक शुक्रवार रात वह शोरूम बंद कर घर आ गए थे। अगले दिन सुबह शोरूम का शटर टूटा होने की सूचना मिली। भागकर वह शोरूम पहुंचे। भीतर गए तो देखा की पूरा सामान फैला पड़ा था। 10 लाख रुपये कीमत के 150 बंडल तार व दराज में रखे ढाई हजार रुपये गायब थे। नीरज ने ताला टूटा देख व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद व्यापारियों ने गाजीपुर थाने पहुंचकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक फिंगर एक्स्पर्ट टीम के मदद से नमूने जुटाकर जांच की जा रही है।

### लोन एप कर्मियों ने युवती की फोटो की वायरल

**लखनऊ।** मड़ियांव कोतवाली में युवती ने लोन एप कर्मियों के खिलाफ उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट देखने के बाद एप डाउनलोड की थी। लोन के लिए केवाईसी करने के बहाने से युवती की तस्वीर ली गई। जिसका दुरुपयोग कर आपत्तिजनक फोटो बनाई गई। फैजुल्लागंज निवासी 20 वर्षीय युवती के अनुसार इंस्टाग्राम सर्फिंग करते वक्त उसे मनी फाइन एप का पता चला था। जिसे युवती ने डाउनलोड कर लोन के लिए अप्लाई किया था। एप डाउनलोड करते वक्त युवती से कुछ परमिशन मांगी गईं थीं। जिसके बाद अन्जान नम्बर से कॉल की आई। फोन करने वाले ने बताया कि आपका सिबिल स्कोर चेक करना है। जिसके लिए एक फोटो चाहिए होगी। यह झांसा देकर आरोपी ने युवती की फोटो ले ली। फिर लोन भी रिजेक्ट कर दिया। कुछ दिन बाद युवती की आपत्तिजनक फोटो उसके परिचितों के व्हाट्सएप पर भेजी जाने लगी और फोन कर रुपये देने का दबाव बनाया गया। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने मड़ियांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### पुलिस गाड़ी की टक्कर से घायल महिला की 56 दिन बाद मौत

**लखनऊ।** कैंट में मरी माता मंदिर के पास 24 फरवरी को पुलिस गाड़ी की टक्कर से घायल सुशीला (45) की 56 दिन बाद शनिवार को लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटी प्रिया की 24 फरवरी को ही घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। अर्जुनगंज निवासी संतोष के मुताबिक 24 फरवरी शाम को पत्नी सुशीला, बेटी प्रिया और पड़ोसी नीलम के साथ खरीदारी करने बाजार निकली थी। वह अर्जुनगंज स्थित मरी माता मंदिर के पास पहुंची थी तभी वहां से पुलिस की गाड़ियों का काफिला आ रहा था। अचानक एक गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गुजर रहे राहगीरों को टक्कर मारते हुए पलट गई थी। हादसे में बेटी प्रिया और नीलम की मौके पर ही मौत हो गई थी। सुशीला का लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को उनकी मौत हो गई।

### नियमों के दायरे में लाकर ई-रिक्शों पर लगेगी लगाम

**लखनऊ।** राजधानी में चौराहों-तिराहों से लेकर गली-मोहल्ले में ई-रिक्शों की बढ़ती संख्या से सड़क पर मची अराजकता से हर कोई परेशान भी है। इससे ट्रैफिक जाम से लेकर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इस कारण ई रिक्शा को अब नियमों के दायरे में लाकर लगाम लगाने की तैयारी है। जोनवार रूट तैयार होंगे तो उसी रूटों पर ई रिक्शा चल सकेंगे। इससे किसी एक इलाके में ई रिक्शा झुंड बनाकर संचालित नहीं हो सकेंगे। इससे सड़क पर जाम और बेतरतीब जमावड़े पर रोक लगेगी।

### मनीष आईआईए केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने

**लखनऊ।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति (सीईसी) के सदस्य मनीष गोयल चुने गए हैं। आईआईए लखनऊ शाखा के सेक्रेटरी वैभव अग्रवाल ने बताया कि मनीष तीन साल के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले मनीष वर्ष 2015-17 में आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। आईआईए लखनऊ के चेयरमैन विकास खन्ना समेत अन्य ने मनीष को बधाई दी है।

### हर साल बढ़ता जा रहा अस्पताली कचरे का बोझ

**लखनऊ।** लखनऊ में हर साल अस्पताली कचरे का बोझ बढ़ता जा रहा है। औसतन प्रत्येक महीने कोई नया क्लीनिक, नर्सिंग होम या अस्पताल खुल रहा है अथवा बेडों का विस्तार हो रहा है। नगर निगम के अनुसार प्रत्येक माह औसतन 200 बेड का कचरा बढ़ जा रहा है। इस स्थिति में आने वाले समय में क्षमता बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी।

### ट्रॉमा सेंटर में लिफ्ट खराब, मरीज बेहाल

**लखनऊ।** केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की लिफ्ट खराब हो गई है। इसकी वजह से मरीज व तीमारदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत मरीजों को चौथे तल पर शिफ्ट करने में आ रही है। ट्रॉमा सेंटर में 400 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। बेड भरने की दशा में मरीजों को स्ट्रेचर पर भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जाता है। मरीजों को विभागों तक ले जाने के लिए लिफ्ट व रैंप की सुविधा है। ट्रॉमा में चार लिफ्ट हैं, जिसमें मुख्य द्वार के पास की एक लिफ्ट खराब हो गई है। दूसरी लिफ्ट डॉक्टर व कर्मचारियों के लिए है। बाकी दो लिफ्ट पीछे गेट के पास है। जिसका इस्तेमाल डॉक्टर व कर्मचारी करते हैं। मुख्य गेट के पास मरीजों की लिफ्ट खराब होने से ट्रॉमा में अफरा-तफरी मच गई है। मरीजों को पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे तल पर शिफ्ट करने में काफी दिक्कत आ रही हैं।

### एनएमएमएस परीक्षा में रवि को जिले में पहली रैंक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में लखनऊ के 275 बच्चों का चयन हुआ है। गोसाईंगंज स्थित उच्च प्राइमरी स्कूल महमूदपुर के रवि ने पहली रैंक हासिल की है। रवि को परीक्षा में 180 में से 130 अंक मिले हैं। केन्द्र सरकार ने चयनित सभी बच्चों को 12 वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार की छात्रवृत्ति देगी। केन्द्र सरकार राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा का आयोजन कराती है। इसमें राजकीय, स्थानीय निकाय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा आठ के बच्चे आवेदन कर सकते हैं। जिनके अभिभावकों की आय सालाना साढ़े तीन लाख रुपये के भीतर है। कक्षा सात में न्यूनतम 55 फीसदी अंक होने जरूरी हैं। शुक्रवार को परीक्षा के जारी परिणाम में बीकेटी ब्लॉक के सबसे अधिक 68 बच्चों का चयन हुआ है। सरोजनीनगर के 66, गोसाईंगंज के 40 व काकोरी के 20 समेत अन्य दूसरे ब्लॉक के बच्चे चयनित हुए हैं। इसमें सबसे ज्यादा बच्चे उच्च प्राइमरी स्कूल महमूदपुर चयनित हुए हैं।

### कई नेताओं ने रालोद की सदस्यता ली

**लखनऊ।** सपा के युवा नेता अमरेन्द्र सिंह समेत कई नेताओं ने शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा व प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल की उपस्थिति में इन नेताओं ने जयंत चौधरी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए एनडीए प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया।

## कल्याण सिंह के लिए संवेदना के शब्द नहीं निकले और माफिया के घर फातिहा पढ़ने चले गए

# कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है

संवाददाता

**लखनऊ/ औरैया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के समय गरीब भूखों मरता था। सपा के लोग वसूली करते थे। माफिया सत्ता पर हावी होकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे। इनके पास गरीबों को देने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन सपा ने आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। गरीब भूखों मरता था और यह लोग आतंकियों को बिरयानी खिलाते थे। कांग्रेस व सपा का फिर से गठबंधन देश को धोखा देने के लिए हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को औरैया के जनता महाविद्यालय, अजीतमल में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने इटावा के सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की।



**आतंकी हमलों में हुआ हाथ तो पाकिस्तान हो जाएगा साफ:** सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी ने दस वर्ष में भारत के सर्वांगीण विकास, आपके और आपके भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए कार्य किए हैं। देश में अब सुरक्षा का माहौल है। पटाखा फूटने पर अब पाकिस्तान तुरंत ही सफाई देता है कि मेरा कोई हाथ नहीं है। उसे पता है कि अगर हाथ हुआ तो पाकिस्तान साफ हो जाएगा।

> *947 में कांग्रेस ने देश को बांटा, अब भारतवासियों के संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाने की बात कह रही है। आपके दादा-पिता की कमाई गई संपत्ति में से आधी पर कांग्रेस व सपा का अधिकार हो जाएगा।*
>
> **योगी आदित्यनाथ**

सीएम योगी ने कहा कि यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जातियों के हकों पर डकैती डालने का कार्य कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस कह रही है कि पिछड़ी जाति को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण में मुसलमानों को भी शामिल कर उन्हें लाभ देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने विरोध किया था कि धार्मिक आधार पर देश में आरक्षण नहीं हो सकता, लेकिन यह लोग धार्मिक आधार पर समाज को बांटकर देश के विभाजन की नींव रखना चाहते हैं। यह लोग अनुसूचित जाति के अधिकारों पर कुठाराघात करना चाहते हैं। यूपीए सरकार के समय ऐसे प्रयास प्रारंभ हुए थे। भाजपा ने विरोध करते हुए कहा था कि अनुसूचित जाति, जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकार मिलने से कोई वंचित करेगा तो भीषण आंदोलन करेंगे।

#### अब हम लोग ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं

सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सपा-बसपा के लोग इन्हें सपोर्ट कर रहे थे। तब कांग्रेस ने हमारे आराध्य देवों के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए। काशी और अयोध्या पूरा हो गए, अब हम ब्रज भूमि की तरफ चल रहे हैं। भाजपा ने कहा कि भारत की आस्था का सम्मान होगा और समान नागरिक कानून लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक हुए 16 में से सभी 16 सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल जीत रहे हैं। 80 की 80 सीटें भाजपा जीतेगी।

#### कांग्रेस 65-70 वर्ष में भी नहीं कर पाई

सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि आतंकवाद, नक्सलवाद का जनक कौन है। औरैया को विकास और एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज से किसने वंचित किया था। मोदी जी के नेतृत्व में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। कांग्रेस, सपा-बसपा ने कुल मिलाकर जितना कार्य नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में उससे अधिक कार्य कर दिया। सीएम ने पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया।

## रूस्तम नगर में कंटिया से बिजली चोरी, हंगामा

▸▸ लेसा की टीम के साथ लोगों ने की हाथापाई

संवाददाता

**लखनऊ।** नूरबाड़ी सब स्टेशन के रुस्तमनगर में कंटिया लगाकर बिजली चोरी रोकने पहुंचे अफसरों का विरोध करते हुए लोगों ने हंगामा किया। कंटिया लगाकर हो रही बिजली चोरी रोकने के लिए जब शनिवार सुबह बिजली अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की तो लोगों ने बवाल शुरू कर दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की।

इसका वीडियो बना रहे कर्मियों से हाथापाई करते हुए मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। इससे चलते टीम को बैरंग लौटना पड़ा। नूरबाड़ी उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेश कुमार ने सआदतगंज थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

विद्युत उपकेंद्र के बगल वाली गली फाजिल नगर सआदतगंज में एक व्यक्ति केबल को सीधे पोल से खींचकर अवैध बिजली का इस्तेमाल कर रहा था। शनिवार सुबह साढ़े दस बजे बिजली कर्मचारी अवैध केबल हटाने पहुंचे तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान कर्मचारी सतीश यादव ने वीडियो बनाने के लिए मोबाइल निकाला तो आरोपी ने मोबाइल छीनने का प्रयास करते हुए कॉलर पकड़ा और धक्कामुक्की की।

**दरोगा के आने पर हटा अवैध केबल:** इस घटना की थाने में सूचना दी गई। दरोगा अपने दलबल के साथ पहुंचे और अवैध केबल को कटवाया। इस बीच मोहल्ले से कई महिलाएं विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर हंगामा करने लगीं। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, अवैध केबल को जोड़ने का दबाव बनाने लगीं। मामले की तहरीर दी गई है।

## यथा चुनाव पाठशाला के आयोजन किए गए

संवाददाता

**लखनऊ।** लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में दिनांक 20 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में शनिवार को नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।



उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले-वे स्कूल नवीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन-2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन-3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड, जोन-4 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय निशातगंज, मुन्नू कुंवर सनातन धर्म इंटर कालेज पेपरमिल कालोनी, न्यू रेड रोज हाईस्कूल संजय गांधीपुरम, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विराट खंड-1, सेंट कोलम्बस विनयखंड-5, जय सुभाष पब्लिक स्कूल विशालखंड, प्रकाश बाल विद्या मंदिर विनम्रखंड-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट, प्राथमिक विद्यालय लौलाई, डेल्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर-4, जोन-5 में प्राथमिक विद्यालय गहरू, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा, प्राथमिक विद्यालय कनौसी, श्यामाचंद्रा कांवेंट इ.का. कृष्णापल्ली आलमबाग, बेसिक विद्यालय बरिगवां पूरन नगर चौराहा, टीडीविएस पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर रेलवे कालोनी, जनता गर्ल्स इ.का. छोटा बरहा, बेसिक विद्यालय कनौसी भोला खेड़ा, ए.के.डी. पब्लिक स्कूल विश्वेश्वर नगर, जोन-7 में प्राथमिक विद्यालय बस्तौली, डेल्ही पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, प्राथमिक विद्यालय जरहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल आम्रपाली चौराहा सेक्टर-23 इंदिरा नगर, अरविन्दो पार्क, अवध पब्लिक एकेडमी शिवानी विहार, जोन-8 में प्राथमिक विद्यालय भुसवल कलां, प्राथमिक विद्यालय शकूरपुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर-9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

## 80 लाख के पार पहुंचे एबीएचए बेस्ड ओपीडी रजिस्ट्रेशन

▸▸ यूपी ने दूसरे स्थान पर काबिज आंध्र प्रदेश से 35 लाख से भी ज्यादा रजिस्ट्रेशन करने में पाई सफलता

संवाददाता

**लखनऊ।** हेल्थ सेक्टर में नई नए कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) आधारित ओपीडी रजिस्ट्रेशन में 80 लाख के आंकड़े को पार कर लिया है। इस संख्या तक पहुंचने वाला उत्तर प्रदेश देश का इकलौता राज्य है। यह सीएम योगी द्वारा प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति लोगों में जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के लिए कीए गए प्रभावी प्रयासों का प्रतिफल है।

शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एबीएचए आधारित रजिस्ट्रेशन की संख्या 80,60,089 पहुंच गई है। यह देश में सर्वाधिक है। दूसरे स्थान पर मौजूद आंध्र प्रदेश (44,98,060) की तुलना में यूपी ने 35 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करने में सफलता प्राप्त की है। यूपी और आंध्र प्रदेश के अलावा टॉप 5 सूची में कर्नाटक (35,78,779), जम्मू एंड कश्मीर (33,75,658) और दिल्ली (18,16,328) शामिल हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की पहल है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत शुरू किया गया एक स्वास्थ्य बचत खाता है। इसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उनकी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एबीएचए के साथ, नागरिक अपने चिकित्सा और स्वास्थ्य रिकॉर्ड को एक केंद्रीकृत खाते में संग्रहीत कर सकते हैं।

## ठाकुरगंज में चिकन कारोबारी के घर में लगी आग, मचा हड़कंप

▸▸ एक दमकल ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया

▸▸ सीसीटीवी यूनिट में लगी आग

संवाददाता

**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित चिकन कारोबारी के घर में शुक्रवार देर रात आग लग गई। घर में धुआं भर जाने से सांस लेने में परेशानी होने पर लोगों की नींद खुली। लोग जागे तो आग देख उनके होश उड़ गए। सभी लोग चीख पुकार मचाते हुए भागकर नीचे आ गए। एक दमकल ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

कामाख्या हॉस्पिटल के पास चिकन कारोबारी विनय दीक्षित का तीन मंजिला मकान है। शुक्रवार रात तीन बजे पहले माले पर लगे सीसीटीवी यूनिट में आग लग गई।



देखते ही देखते आसपास रखे सामान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में पूरे घर में धुआं भर गया। बगल के कमरे में सो रहे लोगों की नींद खुली तो कमरे में धुआं भरा हुआ था।

भागकर वह कमरे से बाहर आए तो दूसरे कमरे से लपटें निकल रही थी। परिवार वालों ने पहले तो खुद ही पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बढ़ती देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। एफएसओ चौक पुष्पेन्द्र यादव एक दमकल के साथ कुछ ही देर में पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक दमकल कर्मियों ने 15 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## बेटे की सरकारी नौकरी की चाह में मां ने गवाएं सवा छह लाख

संवाददाता

**लखनऊ।** बीबीडी कोतवाली में महिला ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में बेटे की नौकरी लगवाने का झांसा देकर सवा छह लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने लिपिक संवर्ग में नौकरी लगवाने का दावा किया था।

जुग्गौर एल्डिको उद्यान निवासी मुन्नी देवी का बेटा नितीश कुमार आनन्द प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। वर्ष 2023 में मुन्नी की मुलाकात बलिया उसरैला निवासी अरुण कुमार पुष्कर से हुई। जिसने विद्युत विभाग में गहरी पैठ होने का दावा किया। भरोसा हासिल करने के लिए आरोपी ने मोबाइल में सेव कई नियुक्ति पत्र भी दिखाए थे। साथ ही रुपयों की व्यवस्था करने पर नितीश की नियुक्ति यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम में कराने का भरोसा दिया था। अरुण के साथ बलिया मनिकपुर निवासी विजय प्रताप भी बातचीत में शामिल था। दोनों के कहने पर पीड़िताने ने टुकड़ों में करीब छह लाख 33 हजार रुपये दिए थे। इस बीच आरोपियों ने नितीश के शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और फोटो ली थी। जिनका इस्तेमाल फार्म भरने में किया जाना था। करीब एक साल का वक्त गुजरने के बाद भी नितीश की नियुक्ति नहीं हो सकी। पूछताछ करने पर आरोपी टाल मटोल करते रहे। रुपये वापस मांगने पर कुछ वक्त का समय मांगा। फिर धमकी देते हुए रुपये लौटाने से मना कर दिया। लाखों रुपये गवां चुकी मुन्नी देवी ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह से मुलाकात कर शिकायत की थी। जिनके निर्देश पर बीबीडी कोतवाली में अरुण कुमार पुष्कर और विजय प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## आपराधिक पृष्ठभूमि के छह लोगों असलहों के लाइसेंस निरस्त

**लखनऊ।** पुलिस विभाग द्वारा शुक्रवार को अपराधिक पृष्ठभूमि के छह लोगों के लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर उन्हें जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,122 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 90 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 91 कारतूस व 8 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 57 केन्द्रों पर रेड डाली गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनावआयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

## हुक्का बार संचालक ने बीटेक छात्र पर की थी फायरिंग, साथी संग गिरफ्तार

▸▸ पॉलीटेक्निक चौराहे के पास अवैध स्टैंड संचालन में थी शामिल

संवाददाता

**लखनऊ।** बीबीडी के बीटेक छात्र पर फायरिंग करने के आरोपी हुक्का बार व कैफे संचालक को उसके साथी संग गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के पास से असलहा भी मिला है। कैफे संचालक पॉलीटेक्निक चौराहे के पास अवैध स्टैण्ड भी संचालित करता था। उसके खिलाफ वर्ष 2022 में गाजीपुर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह इन्दिरानगर शगुन विहार निवासी भानु प्रताप सिंह और गुड़ंबा कल्याणपुर निवासी दीपक गोस्वामी को पकड़ा गया। आरोपी भानु प्रताप बीबीडी गोयल फेज-वन में स्काई लाइट कैफे चलाता है। छह मार्च की रात बिहार विशनपुर निवासी बीटेक छात्र अतुल राज दोस्त के साथ बर्थडे पार्टी मनाने कैफे में गया था। वहां हुक्के का रेट पूछने पर भानु प्रताप सिंह ने दीपक गोस्वामी व अन्य के साथ मिल कर हमला किया था। जिसे छात्र किसी तरह से बच गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही आरोपी फरार थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से कैफे संचालक भानु प्रताप और उसके साथी दीपक को गिरफ्तार किया गया है।

**जेसीपी के छापे के बाद हरकत में आई पुलिस:** पॉलीटेक्निक चौराहे से पूर्वांचल के लिए डग्गामार बसों का संचालन किया जा रहा था। इस सूचना पर तत्कालीन जेसीपी कानून एवं व्यवस्था पीयूष मोंडिया ने छापा मारा था। स्टैण्ड का संचालन भानु प्रताप सिंह साथियों की मदद से करता था। पुलिस का दबाव पड़ने के बाद ही भानु प्रताप ने स्टैण्ड का धंधा बंद कर दिया था।

## कल नामांकन पर हजरतगंज से कैसरबाग तक बदलेगा ट्रैफिक

संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर 29 अप्रैल सोमवार को शहर के 10 स्थानों पर सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक वाहनों का डायवर्जन रहेगा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में पांच कालीदास मार्ग से बीजेपी कार्यालय हजरतगंज होते हुए कैसरबाग स्थित डीएम कार्यालय तक नामांकन के दौरान जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान भीड़ की संभावना को देखते हुए रास्ता बदला रहेगा।

**इन वैकल्पिक रास्तों से वाहन आ-जा सकेंगे**

- चारबाग की तरफ से बसें केकेसी से होकर कैटोनमेंट की तरफ चली जाएगी।
- बापू चौराहे से कोई भी वाहन हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा। वाहन लालबाग होकर या सिसेंडी होते हुए डीऐ सओ चौराहे की तरफ जा सकेगा।
- हजरतगंज से कोई भी वाहन बापू चौराहे की तरफ नहीं जा सकेगा।
- डालीगंज पुल तिराहा से कोई भी सामान्य वाहन सीडीआरआई तिराहे से स्वास्थ्य भवन चौराहे की तरफ नहीं आ सकेगा, बल्कि यह डालीगंज पुल, इक्का टांगा नदवा बंधे से होकर जा सकेंगे।
- सिकंदराबाद चौराहे से सामान्य यातायात हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह वाहन दैनिक जागरण से होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।बसें 1090 से चिरैया झील की तरफ से कैसरबाग बस अड्डे की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि उनको बंदरिया बाग से कैटोनमेंट होते जा सकेंगे।
- परिवर्तन चौराहे से सामान्य वाहन केडी सिंह बाबू स्टेडियम से होते हुए हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह वाहन एसबीआई कट से हनुमान सेतु चिरैयाझील चौराहा होते हुए जा सकेंगे। सीएमओ कार्यालय चौराहे से कोई भी वाहन चकबस्त की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह वाहन कैसरबाग बस अड्डा चौराहा, अशोकलाट चौराहा या रेजीडेंसी तिराहा, डालीगंज चौराहा होते हुए जा सकेंगे।

## न्यूज डायरी

### निर्धारित प्रारूप पर समय से उपलब्ध कराएं सूचनाएं: प्रेक्षक

**बांदा।** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक सर्किट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए लगाये गये पुलिस, इनकम टैक्स, आबकारी आदि विभागों से आए जनपद बांदा और चित्रकूट के नोडल अधिकारियों से निर्वाचन व्यय के संबंध में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। समय से उन्हें सौंपे गए कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहायक व्यय पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये कि लेखा व निगरानी टीम क्षेत्र में निरंतर भ्रमण कर अपने कार्यों को पूर्ण करें। निर्धारित प्रारूप पर समय से उन्हें सूचनाएं भी उपलब्ध करायें।

### कच्ची शराब के साथ अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**बांदा।** अवैध शराब बनाकर बिक्री करने वाले युवक को कालिंजर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस का दावा है कि युवक आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री करता था। अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार रात थाना कालिंजर पुलिस को रात्रि गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कटरा कालिंजर से सहीबुद्दीन पुत्र रहीश निवासी कटरा कालिंजर को उसके घर से अवैध कच्ची देशी शराब महुआ की बिक्री करते समय गिरफ्तार कर लिया। किया गया। अभियुक्त के कब्जे अवैध देशी कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार, प्रशिक्षु महिला उप निरीक्षक आकांक्षा, कांस्टेबल मिथलेश कुमार, महिला कांस्टेबल सुनीता गुप्ता शामिल रहीं।

### दूर हो संचारी रोग,यदि मिले आप का सहयोग

**बांदा।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नोडल अधिकारी वीबीडी ने दस्तक और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मानीटिरिंग डाटा प्रस्तुत किया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बबेरू बैठक में उपस्थित न होने पर एक दिवस का वेतन रोकने के आदेश दिये। सभी को निर्देशित किया कि सभी हीटवेव के विषय में जनमानस को जागरूक करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को लू और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई के विषय में जानकारी दी जाये।

### रेड एलेवन टीम ने जीता प्रैक्टिस मैच

**बांदा।** भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी में शनिवार को प्रैक्टिस मैच खेला गया। रेड एलेवेन (दीपांशु) व ब्लू एलेवेन (शिवा) के बीच 40 ओवर का मैच खेला गया, जिसमें शिवा एलेवेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 10 विकेट होकर 155 रन बनाए। इसमें बैटिंग करते हुए अयांश 38, उर्मलेश 21, शिवा ने 24 रन बनाए। इसके अगेंस्ट निखिल यादव ने की घातक बोलिंग ने अकेले 7 विकेट लिए। हिमांशु सिंह ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रेड एलेवेन दीपांशु इस 155 की टारगेट को आसानी से 29 ओवर में हासिल कर लिया। अब्दुल्ला 52, आलेख 19, सचिन नाट आउट रहे और 22 बनाए। ब्लू एलेवेन शिवा के बालर्स पंकज पासवान तीन विकेट, हामिद और तालिब ने दो-दो विकेट लिए।

